हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 26 अप्रैल 2026

[ देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा ]

06 दो माह पूर्व फ्रॉड गई राशि को न्यायालय के आदेश...



09 अराजक तत्वों पर पैनी नजर, परीक्षा में बाधा डालने पर...



## खबर संक्षेप

### प्रदेश में गेहूं लक्ष्य 100 लाख टन

**सीहोर।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने विपणन वर्ष 2026-27 के लिए मध्यप्रदेश के गेहूं खरीदी लक्ष्य में 22 लाख मीट्रिक टन की बढ़ोतरी को मंजूरी दी है। बढ़ोतरी के बाद प्रदेश का कुल गेहूं खरीदी लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 100 लाख मीट्रिक टन तय हुआ है।

### शुगर फैक्ट्री मंदिर में चित्रगुप्त प्रकटोत्सव छप्पन भोग बांटा



**सीहोर।** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के तत्वावधान में भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव आस्था और उत्साह से मनाया गया। शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में पूजन व अभिषेक हुआ। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना की गई। गुरुवार सुबह पूर्ण विधि-विधान से विशेष अभिषेक किया गया। शाम को मंदिर परिसर में छप्पन भोग की प्रसादी बांटी गई।महासभा के जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार सक्सेना ने बताया, प्रकटोत्सव गुरुवार को शुगर फैक्ट्री स्थित मंदिर में मनाया गया। सुबह विशेष अभिषेक हुआ। शाम को विशेष आरती हुई। पूजन हुआ। भोग लगाया गया। कार्यक्रम में समिति के संरक्षक रमेश सक्सेना, शैलेंद्र श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, अविनिश श्रीवास्तव, सौरभ खरे, एसडी सक्सेना, संजय श्रीवास्तव, शक्ति श्रीवास्तव, अजय सक्सेना, मनोज सक्सेना, विवेक सक्सेना मौजूद रहे।

## न ग्रामीणों को रोजगार मिला और न हुआ जल संरक्षण, प्रशासन ने कहा-जांच होगी, एसडीएम ने लिया संज्ञान

# जल गंगा योजना में खेल: 178 में से सिर्फ 23 खेत तालाब पूरे, मशीन से खोदकर मिट्टी बेचने के आरोप

योजना के तहत खेत तालाबों की खुदाई से ग्रामीणों को रोजगार देना और जल संरक्षण सुनिश्चित करना था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए शुरू की गई जल गंगा संवर्धन योजना भैरूंदा जनपद पंचायत में सवालों के घेरे में आ गई है। पिछले वर्ष ब्लॉक में स्वीकृत 178 खेत तालाबों में से अब तक केवल 23 तालाब ही पूर्ण हो पाए हैं। बाकी तालाब या तो अधूरे हैं या बनाए ही नहीं गए। इस बीच कई हितग्राहियों पर मशीनों से खुदाई कर मिट्टी बेचने और शासन की राशि लेने के गंभीर आरोप लगे हैं।

### हितग्राहियों ने जेसीबी से कराई खुदाई, मिट्टी बाजार में बेची

योजना के तहत खेत तालाबों की खुदाई से ग्रामीणों को रोजगार देना और जल संरक्षण सुनिश्चित करना था, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। आरोप है कि हितग्राहियों ने मजदूरों से काम कराने के बजाय जेसीबी और पोकलेन मशीनों का उपयोग किया। खुदाई से निकली मिट्टी को बाजार में बेच दिया गया, जिससे उन्हें दोहरा लाभ मिला-एक ओर योजना की राशि और दूसरी ओर मिट्टी की बिक्री से कमाई।

स्थानीय रहवासियों का कहना है कि मिट्टी का यह अवैध कारोबार लंबे समय से जारी है। शहर और आसपास के क्षेत्रों में दिन-रात ट्रैक्टर-ट्रॉली और डंपरों से मिट्टी और मुरम का परिवहन हो रहा है। यह मिट्टी कॉलोनियों, गोदामों और निर्माण स्थलों पर सप्लाई की जा रही है।

### मिट्टी-मुरम का अवैध कारोबार बढ़ा

तहसील क्षेत्र में पीली मिट्टी और मुरम का अवैध खनन और



परिवहन खुलेआम हो रहा है। दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक भारी वाहन बिना रोक-टोक दौड़ते नजर आते हैं। इससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है, बल्कि सड़कों पर दुर्घटना का खतरा भी बढ़ गया है। जल गंगा संवर्धन योजना का उद्देश्य जहां जल संरक्षण और ग्रामीण रोजगार सृजन था, वहीं भैरूंदा में इसके क्रियान्वयन ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। सीमित संख्या में तालाबों का निर्माण और अवैध मिट्टी कारोबार के आरोप प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या मामला कागजों तक ही सीमित रह जाता है।

### सवाल जो खड़े हो रहे हैं

- क्या योजना का लाभ उठाकर अवैध खनन को बढ़ावा दिया जा रहा है?
- मजदूरों को रोजगार देने का उद्देश्य क्यों नहीं पूरा हो सका?
- क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं या फिर अनदेखी की जा रही है?
- जांच के बाद क्या वाकई कार्रवाई होगी?

### जिम्मेदारों के बयान

जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि 178 में से 23 खेत तालाब पूर्ण हो चुके हैं। कुछ हितग्राहियों ने तालाब नहीं बनाने की बात कही है और स्वीकृत राशि वापस जमा करने की जानकारी भी दी है। उन्होंने कहा कि निजी भूमि पर तालाब की खुदाई में हितग्राही स्वतंत्र हैं कि वे मजदूरों से कराएं या मशीनों से। हालांकि नियमों के अनुसार खुदाई से निकली मिट्टी का उपयोग तालाब की बाउंड्री या पाल बनाने में किया जाना चाहिए।

एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कहा, "मिट्टी-मुरम का अवैध खनन और परिवहन का मामला संज्ञान में आया है। इसकी जांच करवाते हैं। टीम को मौके पर भेजकर जांच कराई जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।"

नगर परिषद सीएमओ राम प्रसाद भावरे ने बताया कि शहर में जहां-जहां मिट्टी डाली जा रही है, उनकी जानकारी जुटाई जा रही है। संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज ने किया आयोजन

# द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित, 14 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

अखिल भारतीय सोंधिया राजपूत समाज द्वारा आयोजित द्वितीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन शनिवार को सम्पन्न हुआ। सम्मेलन में 14 जोड़े वैदिक विधि-विधान के साथ परिणय सूत्र में बंधे। विवाह संस्कार पंडित काशीराम आर्य द्वारा संपन्न कराए गए। सम्मेलन से पूर्व आयोजन स्थल पर समाजजनों द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जिससे कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद समाज के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में समाजजन और परिजन उपस्थित रहे तथा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया।

आयोजन की शुरुआत सुबह मेहमानों एवं वर-वधु के आगमन के साथ हुई, जिसके बाद निर्धारित समय पर वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुए। आगर रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया के सामने आयोजित सम्मेलन के लिए समाज



द्वारा पूर्व से ही व्यापक तैयारियां की गई थीं। इस अवसर पर सुसनेर विधायक भेरू सिंह परिहार 'बापू', कांग्रेस जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तंवर एवं आगर विधायक मधु गेहलोत ने उपस्थित होकर वर-वधु को शुभाशीष दिया। विधायक भेरू सिंह परिहार 'बापू' एवं विजयलक्ष्मी तंवर ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए समिति के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान समाज के भगवान सिंह सूरजनी द्वारा ओवन, सत्यनारायण पडिहार पायल डिटर्जन गुरुखेड़ी से मिक्सर मशीन, विधायक भेरू सिंह परिहार द्वारा कुकर एवं विजयलक्ष्मी तंवर द्वारा वर-वधु को उपहार भेंट किए गए। साथ ही सभी जोड़ों को समिति की ओर से दहेज स्वरूप आवश्यक गृह उपयोगी सामग्री प्रदान की गई।

सम्मेलन के संरक्षक रामलाल सिंह सिसोदिया एवं अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान के नेतृत्व में आयोजन सफल रहा। समाज के जिला अध्यक्ष बलवंत सिंह बोडाना ने बताया कि ऐसे सामूहिक विवाह सम्मेलन समाज में एकता, सहयोग और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने के साथ ही फिजूलखर्ची पर रोक लगाने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। इस अवसर पर सोंधीया राजपूत समाज के युवा प्रदेश अध्यक्ष ईश्वर सिंह इंजीनियर, प्रेम सिंह चौहान,युवा जिला अध्यक्ष राज तवर,जिला महामंत्री मयंक बना, समाज के जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह बीजानगरी, सुसनेर से समाज के लक्ष्मण सिंह कावल, जिला पंचायत सदस्य सुसनेर कालू सिंह गणेशपुरा, प्रदेश कोषाध्यक्ष चेन सिंह सिसोदिय नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाबूलाल बीजापारी, शिव सिंह चौहान भी आयोजन में उपस्थित हुए।

# नगर गौरव दिवस पर दिया स्वच्छता का संदेश, नगर परिषद ने निकाली झांकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

मां बगलामुखी प्राकट्य दिवस को नगर परिषद द्वारा नगर गौरव दिवस के रूप में मनाते हुए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में स्वच्छता का संदेश देते हुए एक झांकी शामिल की गई थी जोकि नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही। शुक्रवार को नगर गौरव दिवस के अवसर पर नगर परिषद द्वारा निकाली गई मां बगलामुखी की शोभायात्रा में आगे आगे स्वच्छता का संदेश देते हुए एक झांकी शामिल थी जिसमें गीला कचरा, सूखा कचरा अलग अलग रखकर कचरा वाहन में डालने, प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने जैसे संदेश दिए जा रहे थे। पहली बार शामिल इस प्रकार की झांकी नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र रही।



## सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**नलखेड़ा।** नगर गौरव दिवस के अवसर पर आयोजित सांस्कृति कार्यक्रम में कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। जिनका आंनद लेने के लिए देर रात तक बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। नगर गौरव दिवस पर शुक्रवार रात्रि को नगर परिषद द्वारा मां बगलामुखी मंदिर परिसर में भजनों व धार्मिक गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी गई। कलाकारों द्वारा सामूहिक नृत्यों की दी गई मनमोहक प्रस्तुतियों को बड़ी संख्या में उपस्थित दर्शक देर रात तक मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कलाकारों को नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, सीएमओ मिनी अग्रवाल व पार्षदों द्वारा सम्मानित किया गया।

## विद्यालय द्वारा घर-घर पालक संपर्क अभियान चलाया गया

# पहले आओ-पहले पाओ नवाचार बना प्रेरणा स्त्रोत: डीईओ संजय सिंह तोमर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शासकीय माध्यमिक शाला कौडिया छीतू में शैक्षणिक सत्र 2026-27 प्रारंभ होने के प्रथम माह में ही कक्षा पहली में 30 विद्यार्थियों का नामांकन दर्ज किया जा चुका है। यह उपलब्धि क्षेत्र के अभिभावकों के बढ़ते विश्वास एवं शिक्षकों के सतत प्रयासों का परिणाम है।

विद्यालय के प्रभारी संजय सक्सेना ने बताया कि नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से इस वर्ष पहले आओ- पहले पाओ नवाचार प्रारंभ किया गया है। इसके अंतर्गत प्रारंभिक नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप शैक्षणिक सामग्री प्रदान की जा रही है।

नामांकन अभियान को सफल बनाने के लिए विद्यालय द्वारा घर-घर पालक संपर्क अभियान चलाया गया, जिसमें शाला स्टाफ, रसोइया दल एवं ग्राम के सामाजिक व्यक्ति एवं जनप्रतिनिधि सक्रिय रूप से सहभागिता निभाई।

जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया तथा शिक्षकों के इस



नवाचार की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रयासों से शासकीय विद्यालयों के प्रति अभिभावकों का विश्वास बढ़ता है और नामांकन में सकारात्मक वृद्धि होती है। बीआरसीसी अशोक वर्मा ने नवाचार के लिए विद्यालय के सभी स्टॉफ को बधाई दी। सामग्री प्राप्त कर बच्चे खुशी से झूम उठे और अपने शिक्षकों को धन्यवाद कहा, जिससे विद्यालय का वातावरण उत्साह और आनंद से भर गया।

विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अभिभावकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए अपने बच्चों का नामांकन समय से पहले ही कराना शुरू कर दिया है। गत वर्ष विद्यालय में 184 विद्यार्थी नामांकित थे, जिनमें से 18 विद्यार्थियों ने अशासकीय विद्यालय छोड़कर शासकीय विद्यालय में प्रवेश लिया था। इस वर्ष विद्यालय ने 250 विद्यार्थियों के नामांकन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मतीन मियां शाला स्टाफ-संजय सक्सेना, शैलेन्द्र सिंह, डी.के. मालवीय, देवेंद्र सिंह चौहान, शशिबाला नामदेव, फूलवती सेन, माधुरी जोशी, मंजू राठौर , सिद्धार्थ रघुवंशी तथा रसोइया समूह-शीला मेवाड़ा, लालता मेवाड़ा, लक्ष्मी मालवीय, सरोज मेवाड़ा एवं गीता मेवाड़ा का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन माधव सिंह यादव द्वारा किया गया।

### योजना के अनुसार

पहले 10 विद्यार्थियों को स्कूल बैग, लंच बॉक्स, कंपास बॉक्स, पानी की बोतल एवं 2 नोटबुक। 11 से 20 तक नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को बैग, लंच बॉक्स एवं कंपास बॉक्स। 21 से 30 तक नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को स्कूल बैग प्रदान किए जा रहे हैं।

# गो सम्मान आह्वान अंतर्गत चलाया हस्ताक्षर अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

आगामी 27 अप्रैल को गो सम्मान दिवस पर गो सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत देशभर में प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। इस प्रार्थना पत्र पर अधिक से अधिक गोभक्तों के हस्ताक्षर हो इसके लिए स्टॉल लगाकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। जहां बड़ी संख्या में गोभक्तों द्वारा अभियान का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए गए। गो सम्मान आह्वान अभियान के मुख्य उद्देश्यों में केंद्र सरकार व देश की सभी राज्य सरकारों से राष्ट्र और भारतीय संस्कृति के हित में संविधान के दायरे में रहकर अहिंसक तरीके से प्रार्थना कर सम्पूर्ण भारतीय देशी गोवंश को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करवाना है। जिसके लिए प्रमुख रूप से भारत में गो हत्या पर पूर्णतः प्रतिबंध लगे, गोमाता को राष्ट्र माता, राष्ट्र देव, राष्ट्र आराध्य, राष्ट्र धरोहर का सम्मानित पद प्रदान करें, गो सेवा के लिए केंद्रीय कानून लागू हो और केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय बने, गोचर बोर्ड बने, चारा सुरक्षा नीति तय हो, गो आधारित कृषि सुनिश्चित हो जैसी मांगे शामिल हैं।



उल्लेखनीय है कि गो सम्मान आह्वान अभियान अंतर्गत 27 अप्रैल को देश भर में तहसील, ब्लॉक, अनुमंडल अधिकारी को, 27 जुलाई को जिला कलेक्टर एवं 27 अक्टूबर को राज्य सचिव के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम प्रार्थना पत्र सौंपे जाएंगे। नगर में भी व्यापारी महासंघ की और से गो माता के सम्मान में 27 अप्रैल को 11 बजे ज्ञापन दिया जाएगा। इसके पूर्व शिवाजी चौराहे से बड़ी संख्या में व्यापारी चौक बाजार पहुंचेंगे जहां पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित अन्य के नाम पर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी सद्गुरु शीलनाथ मंडल द्वारा रविवार को स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इससे पहले इसी स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का भी सीधा प्रसारण किया जाएगा। सद्गुरु शीलनाथ मंडल अध्यक्ष शुभम चौहान व राजवर्धन सिंह सिकरवार ने बताया कि आमजन के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए स्थानीय मल्हार स्मृति मंदिर में 26 अप्रैल की सुबह 10 बजे से निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में अमलतास अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। इस दौरान पैथालॉजी व अन्य जांचें भी की जाएगी, जिसमें 50 फीसदी तक की रियायत रहेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, विधायक गायत्रीराजे पवार, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, अनिल राज सिंह सिकरवार आदि अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### यंत्रज्ञ ने 10 कक्षा में 94,2% अंक प्राप्त किए

**टोंकखुर्द।** टोंक खुर्द के अधिवक्ता शशिकांत शर्मा के बेटे, वर्टेक्स कांवेंट स्कूल देवली के छात्र यंत्रज्ञ शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की 10 वी बोर्ड की परीक्षा में 94.2% प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने परिवार व नगर का गौरव बढ़ाया है। यंत्रज्ञ ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। यंत्रज्ञ की इस उपलब्धि पर प्राचार्य दिलीप बिलावलिया और समस्त शिक्षकगण, सुमेर सिंह यादव, राजेश शर्मा एल्डरमैन,रविन्द सिंह गौर,श्याम गालोदिया,संतोष जाट, पदम सिंह उदाना,सतीश पटेल, दीपक कटारे,श्याम कटारे, पंडित शैलेन्द्र जोशी, मुरली भारद्वाज भूपेन्द्र राठौर, शुभम राठौर, अंकित राठौर, राघव राठौर दीपक राठौर नवीन शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त कर यंत्रज्ञ के उज्जवल भविष्य की कामना की।



### ऑपरेशन साइबर अंतर्गत पुलिस की बड़ी सफलता, फ्रॉड गई राशि 45 हजार लौटाई

# दो माह पूर्व फ्रॉड गई राशि को न्यायालय के आदेश से आवेदक के खाते में वापस

### साइबर फ्रॉड मामलो में रिकॉर्ड 45% सक्सेस-रेट प्राप्त पुलिस का प्रयास जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद द्वारा 360-पुलिसिंग के अन्तर्गत ज़िलेवासियों को साइबर फ्रॉड से राहत प्रदान करने हेतु "ऑपरेशन साइबर" प्रारंभ किया है। अभियान के अंतर्गत सर्वप्रथम ज़िला स्तरीय साइबर सेल के माध्यम से प्रत्येक थाना पर पदस्थ दो-दो पुलिसकर्मियों को "साइबर-मित्र" के रूप में चिह्नित कर उन्हें साइबर फ्रॉड संबंधी मामलों में त्वरित कार्यवाही हेतु प्रशिक्षित किया गया है। प्रत्येक थाना स्तर पर प्रतिदिन "पुलिस चौपाल" आयोजित कर पुलिस गाँव-मोहल्ला-क़स्बा-वॉर्ड में जनता को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय और साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 या 112 नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित कर रही है । इसी अनुक्रम में 16 फरवरी 2026 को आवेदिका कीर्ती इंग्ले निवासी कोतवाली ने सायबर फ्रॉड के ज़रिए 45,000/- ठगे जाने की शिकायत दर्ज




कराई थी, जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली पर पदस्थ साइबर मित्र म.आर. नेहा ठाकुर एवं आर गोपाल ठाकुर द्वारा आवेदक से चर्चा कर फ्रॉड संबंधित जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में प्राप्त की एवं ज़िला साइबर सेल को प्रेषित की जहां से उक्त जानकारी एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज की गई और सतत मॉनिटरिंग की गई । थाना कोतवाली साइबर मित्र और जिला स्तरीय साइबर सेल द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही द्वारा आवेदक की फ्रॉड गई राशि 45,000/- की राशि को होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की गई और उक्त राशि को आवेदक के खाते में पुनः लौटाया गया। आवेदिका कीर्ती इंग्ले निवासी कोतवाली ने 45,000/- की धनराशि पुनः लौटाने पर देवास पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किया। एसपी गेहलोद ने बताया कि जहां एक तरफ़ साइबर फ्रॉड से बचने हेतु अनजान कॉलर को कोई भी निजी जानकारी शेयर ना करना ही सर्वोत्तम उपाय है,वहीं दूसरी तरफ़ साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या डायल 112 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराने की अपील भी देवास जिलेवासियों से की है। उल्लेखनीय है कि जिलेवासियों को साइबर फ्रॉड से बचाने हेतु पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गेहलोद द्वारा जारी ₹ऑपरेशन साइबर₹ के तहत ज़िला पुलिस साइबर सेल ने 01 नवंबर 2024 से लेकर आज दिनांक तक कुल 2,52,28,109/- की ठगी गई राशि वापस करवाई है एवं विभिन्न शिकायतों में 2,57,61,485/- रुपये की राशि को होल्ड भी कराया है जिसे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही कर आवेदकों को लौटाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक श्री पुनीत गेहलोद के नेतृत्व में ज़िले में साइबर फ्रॉड के प्रत्येक मामले पर विशेष ध्यान देकर तत्काल फ्रॉड गई राशि को ना सिर्फ़ फ्रीज़ करवाया जा रहा है बल्कि विस्तृत रिपोर्ट बनाकर माननीय न्यायालय में पेश करते हुवे फ्रॉड गई राशि को पुनः आवेदक के खाते में भी लौटाया जा रहा है। पुलिस कप्तान ने बताया कि 1 नवंबर 2024 से जारी "ऑपरेशन सायबर" के तहत अब तक कुल 2778 सायबर फ्रॉड शिकायतें प्राप्त हुई हैं,जिनमे त्वरित कार्यवाही करते हुवे कुल 1265 मामलो में पुलिस ने राशि होल्ड करवाने में सफलता प्राप्त की है । इस प्रकार साइबर फ्रॉड मामलो में रिकॉर्ड 45% सक्सेस-रेट प्राप्त करते हुवे देवास पुलिस लगातार पेशेवर रूप में आगे बढ़ रही है ।

# बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बागली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स एवं जिला मलेरिया अधिकारी दौलत पटेल के मार्गदर्शन में तथा बीएमओ डॉ. अमित नागर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. नागर ने अपने उद्बोधन में बताया कि डेंगू (वायरल) और मलेरिया (परजीवी) मच्छरों से फैलने वाली प्रमुख बीमारियां हैं। दोनों में तेज बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द जैसे लक्षण सामान्य होते हैं, लेकिन डेंगू में जोड़ों का दर्द और प्लेटलेट्स की कमी




होती है, जबकि मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आना प्रमुख लक्षण है। कार्यक्रम में बागली सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल ने कहा कि मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी जानलेवा बीमारी हो सकती है। इससे बचाव के लिए आसपास पानी जमा न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। कार्यक्रम के दौरान मलेरिया इंस्पेक्टर सुरेश वाजपेयी ने उपस्थित कर्मचारियों को मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई। इस मौके पर बीईई आर.एस. चौहान, बीपीएम रतन जामले, यतिंद्र बेरागी, मुकेश उपाध्याय, किशोर मंडलोई, निलेश राठौर, प्रकाश भार्गव, सिताराम सोलंकी, अनिल धाकरे सहित ब्लॉक के सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विदिशा में बारातियों से भरी कार में वाहन की टक्कर

### दूल्हे के चचेरे भाई समेत तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर से बीना जा रही एक बारात विदिशा के पास सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दूल्हे के चचेरे भाई सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। यह हादसा विदिशा जिले के पैराखेड़ी क्षेत्र के पास शुक्रवार शाम हुआ। शनिवार को तीनों शवों को घर पर लाया गया। दोपहर को बारात बीना के लिए रवाना हुई थी। शाम को हादसा हो गया। मृतकों में देवास निवासी 24 वर्षीय प्रतीश भेड़िया शामिल हैं, जो दूल्हे संदीप सूर्या के चचेरे भाई थे। उनके साथ इंदौर निवासी दोस्त अमित और एक अन्य रिश्तेदार की भी जान चली गई। तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो गई थी। परिजन मुकेश भेड़िया ने बताया कि दोपहर में खुशी-खुशी बारात रवाना हुई थी, लेकिन शाम होते-होते हादसे की खबर ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार सुबह प्रतीश भेड़िया के घर पर रिश्तेदारों और परिचितों की भीड़ लग गई। परिवार में शोक का माहौल है। जिस घर से कुछ घंटे पहले खुशियों के गीत गूंज रहे थे, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रतीश के दोस्तों को भी इस खबर पर यकीन नहीं हो रहा है, क्योंकि उन्होंने बारात की विदाई के समय खुशियां मनाई थीं।

### पांचवी बार निर्वाचन अधिकारी बने बापट, निष्पक्ष चुनाव की जताई उम्मीद

**देवास।** जिला अभिभाषक संघ, देवास में आगामी 2026–2028 के चुनावों को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की गई। संघ के अध्यक्ष अशोक वर्मा ने सभा कक्ष में कार्यकारिणी की ओर से राजेन्द्र बापट को पाँचवीं बार निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की। इस अवसर पर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। अध्यक्ष वर्मा ने बताया कि बापट पूर्व में चार सफल चुनाव सम्पन्न करा चुके हैं और इस बार भी उनसे निष्पक्ष एवं सुचारु चुनाव की अपेक्षा है। वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने उनका सम्मान करते हुए उनके अनुभव और निष्पक्षता की सराहना की।

# झोपड़ी में लगी भीषण आग 7 लाख रुपए के नोट जले: ढाई लाख की अधजली गड्डियां मिलीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शहर से 20 किलोमीटर दूर शनिवार को 4 झोपड़ियों में आग लग गई। इसमें एक व्यापारी के करीब सात लाख रुपए जल गए। मौके से ढाई लाख रुपए के अधजले नोटों की गड्डियां मिली हैं। आग की लपटों से झोपड़ियों के पास में बने खाटूश्याम मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। हादसा देवास के नेवरी फाटा इलाके में शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे चौकी के पीछे हुआ। झोपड़ियों में रहने वाले लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि, उनका अधिकांश सामान आग में जल गया। सूचना मिलते ही देवास और सोनकच्छ से फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 2:30 बजे आग पर पूरी तरह काबू



पा लिया गया। झोपड़ी मालिक बाबूलाल नाथ ने बताया कि वह साबूदाना, निरमा, प्लास्टिक टब आदि अलग-अलग राज्यों में बेचने जाते हैं। दो दिन पहले ही महाराष्ट्र में सामान बेचकर लौटे थे। मक्सी में मकान भी गिरवी रखा था। इसके 2 लाख मिलाकर घर में करीब 7 लाख रुपए अलग-अलग हिस्सों में बांटकर रखे थे। एक-दो दिन बाद ही उधार चुकाने के लिए इंदौर जाना था। उन्होंने बताया कि मैं घटना के वक्त पत्नी मोना बाई, बेटी आरती और खुशी के साथ घर के अंदर ही था। सबसे पहले परिवार वालों को बाहर निकाला। घर के सामने खड़ी वैन को हटाया। झोपड़ी में रखे पैसे निकालने के लिए दौड़ा तो लोगों ने मुझे पकड़ लिया। कुछ रुपए पेटी में रखे होने से पूरी तरह नहीं चले लेकिन अब कोई काम के नहीं रहे। घर का पूरा सामान जलकर खाक हो गया है। खाने-पीने का भी संकट खड़ा हो गया है। बाबूलाल के पड़ोसी परिवार में एक सप्ताह बाद शादी होनी है। उनकी झोपड़ी में रखा सारा सामान भी जल गया। यहां आई गर्भवती सरोज ने बताया कि वह सो रही थी। आग देखकर भागते हुए बाहर निकली। आग से चारों झोपड़ियां जलकर खाक हो गईं। सिर्फ जले हुए बर्तन, साइकिल और लोहे का सामान बचा है।

# गरीबी के आगे नहीं झुके सपने, विधायक मुरली भवरा बने सहारा, बेटी तक पहुंचाई आर्थिक मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांटाफोड़

बागली विधानसभा क्षेत्र से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने हर संवेदनशील व्यक्ति का दिल छू लिया। आर्थिक तंगी से जूझ रही एक बेटी के सपनों को तब नया सहारा मिला, जब विधायक मुरली भंवरा ने आगे बढ़कर उसके भविष्य की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली।नगर कांटाफोड़ के वार्ड क्रमांक 3 निवासी नेहा (पिता प्रेम लडोलिया) ने जनता दरबार में पहुंचकर अपनी मजबूरी बयां की।

उसने बताया कि उसके पिता पानी-पूरी का ठेला लगाकर किसी तरह परिवार का गुजारा करते हैं। घर की जरूरतें पूरी हो जाती हैं, लेकिन उसकी पढ़ाई के लिए पैसे नहीं बच पाते। यह कहते-कहते उसकी आंखें भर आई, लेकिन उसके सपनों में अब भी उम्मीद जिंदा थी। नेहा की यह पीड़ा सुनकर विधायक मुरली भंवरा का दिल पसीज गया। उन्होंने बिना देर किए उसी समय निर्णय लिया कि इस बेटी की पढ़ाई अब पैसों के अभाव में नहीं रुकेगी।शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर,



कांटाफोड़ में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने वेतन से 25,000 की सहायता राशि प्रदान की।इस दौरान नेहा ने कहा, की विधायक जी, आपकी यह मदद मेरे लिए सिर्फ पैसे नहीं, बल्कि मेरे सपनों की नई शुरुआत है। आपके सहयोग से मैंने 12वीं प्रथम श्रेणी में पास किया है। मैं वादा करती हूं कि एक दिन अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करूंगी।"इस अवसर पर विधायक भंवरा ने कहा कि "मैं खुद शिक्षक रहा हूं, इसलिए जानता हूं कि एक विद्यार्थी के लिए पढ़ाई कितनी जरूरी होती है। जब नेहा ने अपनी बात रखी, तो मुझे लगा कि अगर आज हम उसका साथ नहीं देंगे, तो शायद उसका सपना अधूरा रह जाएगा। मेरा मानना है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई पैसों के कारण नहीं रुकनी चाहिए।"कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, मनोज तिवारी, बलदाऊ दुबे, अनिरुद्ध शर्मा और दीपचंद मीणा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कालूखेड़ी तालाब पर किया श्रमदान

# महापौर, सभापति ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को कालूखेड़ी तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय दायमा, निगम उपायुक्त आरती खेड़ेकर, एसबीएम प्रभारी सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी, जनप्रतिनिधिगण, स्वच्छता टीम से विशाल जोशी, अरुण तोमर, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, तथा आईईसी सदस्य उपस्थित रहे। सभापति रवि जैन ने महापौर के साथ सभी को जल संचय, पानी बचाओ तथा जलाशयों की सफाई के लिए शपथ दिलाई। इसके पश्चात तालाब पर सफाई अभियान चलाया गया।

इस दौरान महापौर अग्रवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कालूखेड़ी तालाब पर जनभागीदारी के साथ श्रमदान कर तालाब




की सफाई की जा रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभापति जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलाशयों को सुरक्षित रखने के लिए सफाई के साथ साथ निगम द्वारा आमजनों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। वार्डों व आसपास के मोहल्लों में जन अभियान के साथ हम सब मिलकर कुएं, बावड़ी और जलाशयों की सफाई में श्रमदान देकर उसे स्वच्छ रखने के लिए सतत अभियानरत रहें। विधायक प्रतिनिधि अग्रवाल ने कहा कि जल संचय एवं जल गंगा संवर्धन के लिए हम सब को आने वाली पीढ़ी के लिए जलाशयों में पानी का संचय करना है। पानी को व्यर्थ नहीं बहाना है तथा कुएं, बावड़ी, जलाशयों का पूरा ध्यान रखते हुए निरंतर सफाई करने के साथ हमारे घरों में वर्षा के पानी का रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर पानी संचय करना है। इससे हमारे जल स्त्रोत बढ़ेंगे तथा वर्षा का पानी पुनः



जमीन में जाने से ट्यूबवेल भी जीवित रहेंगे। साथ ही मोहल्ले एवं आस पड़ोस में स्वच्छता बनाए रखने के लिए संकल्पित रहना है।

### जून तक चलेगा अभियान

निगम आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि यह अभियान मार्च में शुरू हुआ है जो जून तक चलेगा। अभियान के तहत कुएं, बावड़ी और तालाबों एवं जलाशयों की निरंतर जनसहयोग से श्रमदान कर सफाई की जा रही है। इस अभियान से आमजन को जोड़ना हमारा लक्ष्य है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दायमा ने कहा कि चलाए जा रहे जल संचय अभियान में कालूखेड़ी तालाब पर श्रमदान में हम सब ने संकल्प लिया है कि देवास शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के साथ ही हमारे शहर के कुएं, बावड़ियों को साफ कर उन्हें जीवित रखना है तथा स्वच्छता में सहभागिता देना है।

# सेन थॉम एकेडमी में जल पखवाड़ा व पृथ्वी दिवस पर हुए कई आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

सेन थॉम एकेडमी में जल पखवाड़ा एवं पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। विद्यालय में जल संरक्षण शपथ का आयोजन किया गया।

सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से जल बचाने, उसका सदुपयोग करने तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए उसे संरक्षित रखने की शपथ ली। पृथ्वी दिवस के अवसर पर कई रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता शामिल थीं, जिनमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं पृथ्वी को बचाने के विषय पर अपने विचार लेखन एवं चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने "सेव अर्थ" शपथ ली, जिसमें उन्होंने पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी इस आयोजन में उत्साह और रंग भर दिए, जिनमें "डांस ऑफ ट्रीज़" विशेष रूप से आकर्षक रहा, जिसने नृत्य के माध्यम से वृक्षों के महत्व को दर्शाया। इसके साथ ही "पृथ्वी" विषय पर एक भूमिका-निर्वाह (रोल प्ले) भी प्रस्तुत किया गया, जिसने पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया।

## खबर संक्षेप

### पारौल में लाठी, डंडों से मारपीट

**ललितपुर**। जिले के थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम पारौल में बुधवार रात मामूली बात पर विवाद के बाद लाठी-डंडों से मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायतकर्ता अन्नू सिंह की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। शिकायतकर्ता ग्राम पारौल निवासी अन्नू सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि घटना 23 अप्रैल 2026 की रात लगभग 11.30 बजे की है। उनके अनुसार, आरोपी कल्याण सिंह, माधव सिंह, करन सिंह और गब्बर सिंह ने उनके घर के पास आकर गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया। हमले में अन्नू सिंह के साथ मौजूद भगवान सिंह और संदीप को भी गंभीर चोटें आई हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने मारपीट के दौरान जान से मारने की धमकी भी दी। मौके पर मौजूद प्रहलाद सिंह, लोकेन्द्र सिंह और छोटू ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### कुल्हाड़ी से वार, महिला समेत दो घायल

**ललितपुर**। जिले के थाना तालबेहट क्षेत्र में खेत पर काम करने के दौरान कुछ लोगों द्वारा मारपीट और जानलेवा हमले का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खेत पर मौजूद व्यक्ति और उसे बचाने आईं उनकी मां पर लाठी-डंडों और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना शुक्रवार 24 अप्रैल 2026 की सुबह लगभग 10 बजे की है। ग्राम सरखडी (मजरा चपचर) के निवासी श्यामलाल कुशवाहा अपने खेत पर मौजूद थे। शिकायत के अनुसार, झांकरवारी के विवाद को लेकर गांव के ही फूलचन्द्र कुशवाहा, वंशी कुशवाहा, हीरालाल कुशवाहा और दीपक कुशवाहा वहां पहुंचे और गाली-गलौज शुरू कर दी। पीडित श्यामलाल का आरोप है कि जब उन्होंने गाली देने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने लाठी-डंडों और लात-घूसों से उन पर हमला कर दिया। इस दौरान श्यामलाल को बचाने आईं उनकी माता मुन्नी कुशवाहा को भी आरोपियों ने जमकर पीटा, जिससे उन्हें चोटें आईं। साथ ही, आरोपी हीरालाल कुशवाहा ने धारदार हथियार कुल्हाड़ी से श्यामलाल पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीडित ने अपनी शिकायत में यह भी बताया है कि मारपीट के बाद आरोपी धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट की, तो वे पूरे परिवार को जान से मार देंगे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना तालबेहट में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

### इंस्टाग्राम पर धमकी दी एफआईआर दर्ज

**ललितपुर**। कोतवाली क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। इंस्टाग्राम पर ऑडियो मैसेज भेजकर एक व्यक्ति और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले के अनुसार एसडीएस स्कूल के पीछे चांदमारी निवासी गजराज सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पूर्व में आरोपी मोहसिन कुरैशी व अन्य के खिलाफ एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसकी 21 अप्रैल 2026 को न्यायालय में गवाही हुई थी। आरोप है कि उसी दिन शाम करीब 5 बजे आरोपी मोहसिन कुरैशी ने अपने इंस्टाग्राम आईडी से वादी के पुत्र के मोबाइल पर ऑडियो मैसेज भेजा, जिसमें गाली-गलौज करते हुए पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। इतना ही नहीं, आरोपी ने बार-बार फोन कॉल कर भी धमकाने का प्रयास किया, जिससे परिवार दहशत में है और घर से बाहर निकलने में भी डर महसूस कर रहा है। पीड़ित का कहना है कि आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। घटना के ऑडियो मैसेज और कॉल रिकॉर्डिंग मोबाइल में सुरक्षित हैं, जिन्हें पुलिस को उपलब्ध कराया है।

## होमगार्ड परीक्षा नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण संपन्न

# अराजक तत्वों पर पैनी नजर, परीक्षा में बाधा डालने पर कार्रवाई होगीः एसपी

### डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जनपद में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आज 25 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित हो रही होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण, निष्पक्ष एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने के लिए जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर केन्द्रों पर पुलिस व प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। ज्ञातव्य है कि प्रदेश में 25 अप्रैल से लेकर 27 अप्रैल तक होमगार्ड एनरोलमेंट परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री का विजन एकदम साफ है कि परीक्षा पूरी तहर से नकलविहीन व सकुशल सम्पन्न हो, ताकि पात्र अभ्यर्थी को उसकी मेहनत का फल मिल सके। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अगर कोई सोल्वर या नकल कराने की कोशिश करता पाया जाता है तो ऐसे आपराधिक तत्वों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी धाराओं में कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पूरी परीक्षा के दौरान सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केन्द्रों पर लखनऊ मुख्यालय से भी नजर रखी जा रही है।

ललितपुर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश में परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा व्यवस्था सहित केन्द्र में प्रवेश से लेकर केन्द्र से बाहर निकलने तक की सारी व्यवस्थाओं के लिए मजिस्ट्रेटों की निगरानी में अधिकारियों को तैनात किया गया है। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सभी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा कराने वाली संस्था के कर्मियों से वार्ता की और दिशा-निर्देश दिये। मौके पर संस्था के कर्मचारियों द्वारा अभ्यर्थियों के प्रवेश के लिए चैकिंग की जा रही थी, अभ्यर्थियों को फेस, रेटिना, थंब आदि स्कैन करने व सघन तलाशी लेने के उपरान्त ही प्रवेश दिया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केन्द्र प्रभारियों सहित सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी व सुचितापूर्ण सम्पन्न संपन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है और हम यह जिम्मेदारी गंभीरता से निभाएंगे, किसी भी तरह से परीक्षा केन्द्रों पर नकल नहीं होने दी जाएगी और आपराधिक गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखी जाएगी। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि वह परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर सघन भ्रमण करते रहेंगे व परीक्षा पर पैनी नजर बनाये रखेंगे, किसी भी प्रकार की जानकारी व सूचना के लिए जिला स्तर पर बने कण्ट्रोल रुम को सूचित करेंगे। इसके अलावा केन्द्र प्रभारी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें व निरंतर सीसीटीवी कैमरों से निगरारी करते रहें। परीक्षा केन्द्रो की व्यवस्थाओं यथा साफ-सफाई, प्रकाश, परीक्षार्थियों के बैठने की उचित व्यवस्था, पेयजल एवं शौचालय आदि को देखा। पुलिस विभाग सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखें व चिकित्सा विभाग प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पैरामेडिकल टीम एवं एम्बुलेंस तैनात रखे। पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी अवांछित व्यक्ति केन्द्र के आसपास नजर आये तो उसे चेक करें और परीक्षा केन्द्र से दूर भेज दें। इसके अलावा हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाये रखें। यदि कोई अराजक तत्व परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के प्रशासनिक व पुलिस व्यवस्था में लगे अधिकारी व केन्द्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## जल के अपव्यय को रोकें

# जल ही जीवन है, इसकी कीमत पहचानें : जैन



### सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति गर्मी के मौसम में भरपूर पानी पीए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जीवन में जल अनमोल है इसकी कीमत की पहचान जरूरी है। भीषण गर्मी में प्यासे को पानी मिले और पानी की बरबादी न हो इसके लिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि जल के अपव्यय को रोकें। उन्होंने स्थान-स्थान पर प्याउ लगाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया। उन्होंने सीख दी कि प्रत्येक व्यक्ति गर्मी के मौसम में भरपूर पानी पीए। उक्त विचार नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने दिगम्बर जैन पंचायत द्वारा जैन अटा मंदिर के मुख्य द्वार पर आयोजित प्याउ के शुभारम्भ पर व्यक्त किए। नगर के गल्ला व्यापारी समाजसेवी प्रकाश नारायण माहेश्वरी की स्मृति में प्रदत्त वाटर कूलर का पालिका अध्यक्ष ने स्वस्तिक लेखन एवं मंत्रोच्चार के साथ शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जैन पंचायत से डा.अक्षय टडैया ने की। आकाश जैन ने संचालन करते हुए कहा जैन पंचायत का प्रयास है कि गर्मी के मौसम में अधिक से अधिक प्याऊ लगाई जाए जिससे हर प्यासे को पानी मिल सके। इस मौके पर पार्षद आलोक जैन मयूर, संयोजक सनत जैन, प्रबंधक मनोज जैन, अजय जैन, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, मनोज जैन, अंकित जैन, प्रभात जैन, देवेन्द्र जैन, डा.सुनील खजुरिया, जितेन्द्र जैन, मनोज जैन, रमाकांत तिवारी, अनीता मोदी, उमा जैन, कविता जैन आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक, मरीजों को गोद लेने की अपील

# टीबी के मरीजों को पोषण सामग्री बांटी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले के क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र पर एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें टीबी मरीजों को पोषण सामग्री (पोषण पोटली) का वितरण किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य मरीजों के पोषण स्तर को सुधार कर उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है।

सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने बताया कि यह कार्यक्रम मरीजों को दवा के साथ-साथ बेहतर पोषण प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है, ताकि वह शीघ्र स्वस्थ होकर सामान्य जीवन में लौट सकें। पब्लिक हेल्थ स्पेशिलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने जानकारी दी कि टीबी मरीजों को गोद लेने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा रहा है। आम नागरिक, अधिकारी और समाजसेवी संस्थाएं निक्षय मित्र बनकर मरीजों के पोषण में सहयोग कर सकते हैं और सच्ची मित्रता निभा सकते हैं। उप जिला क्षयरोग अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैध ने स्पष्ट किया कि टीबी एक पूर्ण रूप से इलाज योग्य बीमारी है। इसके लिए आवश्यक है कि मरीज नियमित रूप से अपनी दवा का सेवन करें और उचित पोषण प्राप्त करें। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इस अभियान की पूर्ण सफलता के लिए समुदाय की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान जिला क्षयरोग नियंत्रण केन्द्र के पीपीएम आदेश श्रीवास्तव, डीपीसी शिवराम सिंह, डीपीटीसी मनोज गुप्ता और टीबीएचवी विकास कुमार श्रीवास्तव सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई

# पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ दबोची वन विभाग कर्मी महिला वन रक्षक

### लकड़ी से भरे ट्रक निकालने के नाम पर मांगा जा रहा था सुविधा शुल्क, वॉचर सहित दो हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन टीम ने महरौनी क्षेत्र में तैनात एक महिला वन रक्षक को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। टीम ने मौके से पांच हजार रुपये की रिश्वत राशि भी बरामद की है।

इस कार्रवाई से वन विभाग में हड़कंप मच गया है। मामले के अनुसार, एंटी करप्शन संगठन झांसी के निरीक्षक व ट्रैप टीम प्रभारी शादाब खान की अगुवाई में यह कार्रवाई की गई। शिकायतकर्ता दयपाल सिंह निवासी ग्राम मिदरवाहा थाना महरौनी ने आरोप लगाया था कि वन विभाग की महिला वन रक्षक प्रिया कुमारी द्वारा लकड़ी से भरे ट्रक को निकलवाने के नाम पर सात हजार रुपये की मांग की जा रही थी, जो बाद में पांच हजार रुपये में तय हुई। शिकायत की पुष्टि होने के बाद एंटी करप्शन टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप बिछाया। 24 अप्रैल को शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोट देकर तय स्थान पर भेजा गया। जैसे ही महिला वन रक्षक के कहने पर उसका सहयोगी (वॉचर) जाहर ने रिश्वत की रकम ली, टीम ने मौके पर दबिश देकर दोनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान बरामद नोटों को केमिकल टेस्ट में सही पाया गया।

टीम ने विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर कोतवाली ललितपुर लाया, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मुकदमा दर्ज किया गया है। संबंधित अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाएगी।

## प्राथमिक विद्यालय का मामला, ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपा

# प्रधानाध्यापक पर अभद्रता का आरोप, स्थानांतरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



जखौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत कारीपहाड़ी में स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापक के खिलाफ ग्रामीणों और अभिभावकों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान प्रधानाध्यापक का व्यवहार बच्चों और अभिभावकों के प्रति ठीक नहीं है। आरोप लगाया गया है कि कक्षा में बच्चों को बार-बार अपशब्द कहे जाते हैं और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाता है, जिससे बच्चों का मनोबल गिर रहा है। इसके चलते कई बच्चे डर के कारण विद्यालय आने से कतराने लगे हैं। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय का शैक्षिक वातावरण पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। शिकायत करने पर भी प्रधानाध्यापक के व्यवहार में कोई सुधार नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार मौखिक रूप से समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि बच्चों के भविष्य और विद्यालय के स्वस्थ माहौल को ध्यान में रखते हुए संबंधित प्रधानाध्यापक का तत्काल स्थानांतरण किया जाए तथा किसी योग्य और संवेदनशील शिक्षक की नियुक्ति की जाए। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द जांच कर उचित कार्रवाई करने की अपील की है। ज्ञापन देते समय ग्राम प्रधान मथुरा प्रसाद, विजय, भोलाराम, जगभान, रामप्रकाश, अनिल, विकास, मदन, भक्तू, कमल के अलावा अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

## गाजीपुर हत्याकांड का मामला

# दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

**ललितपुर**। विश्वकर्मा झा समाज सेवा संस्थान द्वारा गाजीपुर की पीड़िता के आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।



ज्ञापन में बताया गया कि 25 अप्रैल 2026 को झा समाज के लोगों एवं पदाधिकारियों ने एकजुट होकर आवाज उठाई कि गाजीपुर की युवती के साथ पहले दुष्कर्म किया गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई। आरोप है कि इस घटना में दबंग व राजनीतिक रूप से प्रभावशाली लोगों की संलिप्तता है, जिन्होंने सबूत मिटाने के उद्देश्य से इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया। समाज के लोगों ने कहा कि इस घटना से पूरे प्रदेश की महिलाओं और युवतियों में भय का माहौल है और उत्तर प्रदेश में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने राज्यपाल से मांग की कि हत्याकांड के सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह भी मांग की गई कि प्रदेश में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों और बढ़ती हत्याओं पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। ज्ञापन देते समय रमेश कुमार, कपूर सिंह, गोकल, हरेन्द्र एड., मीना, हरदयाल सिंह, दिनेश झां, हजारीलाल, गनेशराम, गौरव विश्वकर्मा, रविन्द्र कुशवाहा, पुष्पा झां, अर्चना के अलावा अन्य पदाधिकारियों के हस्ताक्षर मौजूद रहे।

# कारीगरों को मिलेगा निशुल्क प्रशिक्षण व आधुनिक टूलकिट

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत जनपद के पारंपरिक कारीगरों और हस्तशिल्पियों के कौशल को बढ़ावा देने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस योजना का मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को प्रोत्साहित करना है। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत लोहार, बढ़ई, धोबी, राजमिस्त्री, हलवाई, नाई, दर्जी और अन्य पारंपरिक ट्रेडों से जुड़े अनुभवी एवं इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। चयनित लाभार्थियों को न केवल ट्रेड से संबंधित निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, बल्कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें आधुनिक टूलकिट (उन्नत टूलकिट) भी वितरित की जाएगी। साथ ही, सरकार द्वारा लाभार्थियों को बैंक ऋण के माध्यम से स्वरोजगार स्थापित करने में भी सहायता दी जाएगी। योजना के लिए आवेदन करने हेतु अभ्यर्थी का उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है और उनकी आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। आवेदकों के पास आवेदन करते समय आधार कार्ड, बैंक पासबुक, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, हस्ताक्षर और एक सक्रिय मोबाइल नंबर जैसे आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। पात्र अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकते हैं। उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास ने जनपद के पात्र कारीगरों से योजना का लाभ उठाने के लिए अंतिम तिथि से पूर्व विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने का कहा।

## रिजर्व पुलिस लाइंस में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया

# दीक्षांत परेड में सेवा व अनुशासन का संदेश दिया

### डीएम व एसपी ने प्रशिक्षु आरक्षियों के साथ किया सामूहिक भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




प्रशिक्षु आरक्षीगण के दीक्षांत परेड/समारोह के उपलक्ष्य में रिजर्व पुलिस लाइन्स में भव्य बड़ा खाना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने स्वयं प्रशिक्षु आरक्षियों को भोजन परोसकर उन्हें पुलिस सेवा की परंपराओं, अनुशासन एवं सेवा भावना का प्रत्यक्ष अनुभव कराया। इस दौरान अधिकारियों एवं प्रशिक्षुओं ने सपरिवार सामूहिक भोज में सहभागिता कर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण का संदेश दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रशिक्षु आरक्षियों ने नृत्य, संगीत, नाटक, कवितापाठ एवं लोकगीत जैसी विभिन्न विधाओं में आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। पारंपरिक एवं आधुनिक रंगों से सजी इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया और युवाओं की प्रतिभा, ऊर्जा एवं रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। इस अवसर पर अधिकारियों ने प्रशिक्षु आरक्षियों को संबोधित करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रशिक्षु आरक्षियों की गरिमामय उपस्थिति रही। आयोजन के माध्यम से पुलिस बल में आपसी समन्वय, उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया।

### जोरदार धमाके से घर के खिड़की-दरवाजे टूटे, दीवारों में आई दरार

# गैस लिकेज में रिटायर्ड इंजीनियर की मौत, पत्नी गंभीर रूप से घायल




हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर के शिवधाम कॉलोनी में शुक्रवार सुबह गैस लीकेज से हुए धमाके में एक रिटायर्ड इंजीनियर की मौत हो गई। वहीं उनकी पत्नी गंभीर रूप से झुलस गईं जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। यह घटना सुबह करीब 6 बजे चूल्हा जलाने की कोशिश के दौरान हुई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार घर में गैस सिलेंडर से रातभर धीरे-धीरे लीकेज होता रहा। बंद कमरे में गैस भरती गई, जिसका परिवार को अंदाजा नहीं लगा। सुबह 85 वर्षीय रिटायर्ड इंजीनियर सुरेश सिंह भल्ला रसोई में पहुंचे और जैसे ही उन्होंने चूल्हा जलाया, कमरे में भरी गैस ने जोरदार विस्फोट का रूप ले लिया। धमाका इतना तेज था कि घर के खिड़की-दरवाजे टूट गए और दीवारों में दरारें आ गईं। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत बाहर निकल आए। पड़ोसियों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने की कोशिश की और घायलों को निकालने में मदद की। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग पर काबू पाया जा सका।

इस हादसे में सुरेश सिंह भल्ला करीब 80 प्रतिशत तक झुलस गए थे। उन्हें तत्काल ब्यावरा के सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां से गंभीर हालत में भोपाल रेफर कर दिया गया। हालांकि, उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उनकी पत्नी पद्मावती भल्ला भी आग से झुलसी हैं और उनका इलाज जारी है। मूल रूप से पानीपत निवासी यह दंपति





पिछले 13 वर्षों से ब्यावरा में रह रहा था। उनकी कोई संतान नहीं थी और वे इस मकान में अकेले ही रहते थे। देहात थाना पुलिस के एएसआई गंगा प्रसाद साहू ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में हादसे की वजह गैस लीकेज मानी जा रही है, हालांकि तकनीकी पहलुओं की भी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद शव



परिजनों को सौंप दिया गया।

### 2 वर्षीय मासूम की मौत, 9 यात्री घायल

# एनएच-46 पर हादसा, स्लीपर बस अनियंत्रित होकर मिट्टी के ढेर में घुसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

राष्ट्रीय राजमार्ग-46 पर नरसिंहगढ़-गादिया के समीप शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। लखनऊ से इंदौर जा रही एक स्लीपर बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पड़े मिट्टी के ढेर में जा घुसी। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में इंदौर के खजराना क्षेत्र निवासी 2 वर्षीय मासूम अहमद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 9 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। शादी समारोह से लौट रहा था परिवार जानकारी के अनुसार मृतक मासूम अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहा था, तभी यह हादसा हो गया।

#### लापरवाही आई सामने

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस चालक ने वाहन क्लीनर को सौंप दिया था, जो ब्यावरा से ही बस चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस




रास्ते में कई बार लहराती हुई चली और एक स्थान पर सड़क से नीचे उतरने से बाल-बाल बची। यात्रियों द्वारा टोके जाने के बावजूद क्लीनर ने बस चलाना जारी रखा। कुछ दूरी आगे बढ़ने पर बस नियंत्रण खो बैठी और मिट्टी के ढेर में धंस गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही हादसे का मुख्य कारण मानी जा रही है।

# हाईवे हादसे में खुला अवैध शराब तस्करी का राज, दो आरोपी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

गुरुवार को नेशनल हाईवे पर गोपालपुरा के समीप हुए सड़क हादसे ने अवैध शराब तस्करी के मामले का खुलासा कर दिया। जानकारी के अनुसार एक वेगेनार कार क्रमांक एमपी 09 डब्लू एफ 5467 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरकर पलट गई, जिसमें सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान जगदीश पिता देवीसिंह नागर एवं दुर्गेश पिता भाव सिंह नागर के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि कार में भारी मात्रा में देशी शराब भरी हुई थी। बताया जा रहा है कि वाहन में करीब 20 पेटी शराब रखी हुई थी, जो दुर्घटना के दौरान सड़क पर बिखर गई। स्थिति का फायदा उठाते हुए



आसपास के लोगों ने शराब की बोतलें उठा लीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए घटनास्थल से करीब 350 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। प्रारंभिक जांच में यह शराब अवैध रूप से परिवहन की जा रही थी। पुलिस ने आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उल्लेखनीय है कि यदि यह हादसा नहीं होता, तो अवैध शराब परिवहन का यह मामला सामने नहीं आ पाता। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# बस-ट्रक की भिड़ंत में एक की मौत, 28 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

नेशनल हाईवे 52 पर पचोर रोड पर शुक्रवार रात्रि में करीब 4 बजे के आसपास एक बस और ट्रक में भिड़ंत हो गई। जिसमें बस हेल्पर परमानंद राजपूत की उपचार के दौरान मौत हो गई और करीब 28 यात्री घायल हुए हैं।

सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एवं 112 शासकीय वाहनों से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है। करनवास क्षेत्र अंतर्गत आजाद पेट्रोल पंप के पास पचोर-ब्यावरा रोड पर बस एवं ट्रक के बीच दुर्घटना घटित हुई। फरियादी नवलकिशोर शर्मा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई कि बस इंदौर से आगरा जा रही थी जिसमें लगभग 38 यात्री सवार थे। रास्ते में एक ट्रक चालक द्वारा सड़क पर लापरवाही पूर्वक खड़ा कर रखा था। जिसमें बस पीछे से टकरा गई। दुर्घटना में बस हेल्पर कल्लू उर्फ परमानंद राजपूत की उपचार के दौरान मृत्यु हो गई तथा लगभग 27-28 यात्री घायल हुए हैं।



#### सूचना मिलते ही पुलिस व डायल 112 तुरंत मौके पर पहुंचे

घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के निर्देशन में ब्यावरा प्रकाश शर्मा, थाना प्रभारी ब्यावरा वीरेन्द्र धाकड़, देहात थाना प्रभारी प्रवीण जाट एवं थाना प्रभारी करनवास संगीता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। थाना पचोर, देहात ब्यावरा, करनवास, ब्यावरा सिटी की डायल 112 टीम द्वारा तुरंत राहत कार्य प्रारंभ किया गया। डायल 112 वाहनों से 108 एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचाया गया। शासकीय वाहनों से भी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। एम्बुलेंस पहुंचने पर शेष घायलों को भी एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस की इस त्वरित, संवेदनशील एवं मानवीय कार्यवाही के कारण घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका। प्रकरण दर्ज थाना करनवास में धारा 281, 125(ए), 125(बी), 106(1) बीएनएस एवं 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# कृषि उपज मंडी के धर्म कांटा में मिली गड़बड़ी, सील किया

**खिलचीपुर।** कृषि उपज मंडी में किसानों के गल्ले की तौल में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। धर्म कांटा संचालक पर किसानों ने कम तौल कर सीधी लूट करने का आरोप लगाया है। किसानों की शिकायत के बाद नापतौल विभाग और मंडी प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई में धर्म कांटा को मौके पर ही सील कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार मंडी में उपज बेचने पहुंचे किसानों ने आरोप लगाया कि धर्म कांटे पर बार-बार तौल कराने के बावजूद वजन कम बताया जा रहा था। संदेह होने पर किसानों ने विरोध जताया और मंडी अधिकारियों को शिकायत दी। शिकायत मिलते ही नापतौल विभाग के अधिकारियों और मंडी अधिकारी ने किसानों की मौजूदगी में दोबारा तौल कराई। जांच के दौरान 6 से 7 किसानों के गल्ले की तौल में लगभग 7 से 8 क्विंटल तक का अंतर पाया गया। इतनी बड़ी मात्रा में वजन कम निकलने से किसानों में आक्रोश फैल गया। किसानों ने इसे सुनियोजित तरीके से की जा रही लूट बताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने प्राथमिक जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर संबंधित धर्म कांटा को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया। साथ ही संचालक के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मंडी प्रशासन ने कहा कि किसानों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं किसानों ने मांग की है कि मंडी में सभी तौल कांटों की नियमित जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी किसान के साथ धोखाधड़ी न हो।

**प्रेसवार्ता में कांग्रेस और सहयोगी दलों पर फूटा गुस्सा**

# राजनीतिक स्वार्थ ने करोड़ों महिलाओं का अधिकार छीना : ऊषा ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

हाल ही में लोकसभा में जो हुआ, वह केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के अधिकारों से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है।

महिला विरोधी गठबंधन ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को प्रभावी बनाने वाले 131वें संविधान संशोधन विधेयक को रोककर अपनी वास्तविक मानसिकता उजागर कर दी है। एंटी वूमन एलाएंस की सच्चाई देश के सामने आ चुकी है। कांग्रेस, डीएमके और उनके सहयोगियों के इस महिला विरोधी गठबंधन ने न केवल एक



विधेयक को रोका, बल्कि करोड़ों महिलाओं के अधिकारों और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

यह बात शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में महिला आरक्षण एवं नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2023 को लेकर आयोजित पत्रकार वार्ता में विधायक उषा ठाकुर ने कही। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर उपस्थित थे। आगे उषा ठाकुर ने कहां की कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी, समाजवादी पार्टी और पूरे इंडिया गठबंधन ने एक ऐतिहासिक अवसर को बाधित किया। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में यह एक निर्णायक कदम था, जिसे राजनीतिक स्वार्थों के कारण रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि तीन तलाक, अनुच्छेद 370 से प्रभावित कश्मीरी महिलाओं के अधिकार का विरोध किया।

कांग्रेस ने महिलाओं के राजनीतिक अधिकारों पर 98 वर्षों का अहसान जताया, लेकिन संसद में उनकी आकांक्षाओं को कुचलते हुए इठलाई, मुस्कुराई, मेज थपथपाई और जश्न मनाया। प्रेसवार्ता के अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया, जिला कोषाध्यक्ष शैलेश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी आनंद त्रिपाठी जगदीश दास, नीलम सक्सेना, श्याम मंडलोई, मंडल अध्यक्ष सचिन मौर्य सहित अन्य उपस्थित थे।

### कई समस्याओं का मौके पर ही किया गया निराकरण

# कलेक्टर ने लगाई रात्रि चौपाल, ग्रामीणों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

सुशासन को जमीनी स्तर तक प्रभावी बनाने के उद्धेश्य से कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा द्वारा गुरुवार रात्रि जीरापुर ब्लॉक के बाड़गांव एवं खिलचीपुर के दोलाज में रात्रि चौपाल आयोजित की गई। खुले आसमान के नीचे आयोजित इस चौपाल में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने ग्रामीणों और किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा अनेक मामलों में मौके पर ही निराकरण के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि वे शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और किसी भी समस्या की जानकारी बेझिझक प्रशासन तक पहुंचाएं। किसानों से संवाद करते



हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नरवाई न जलाने की अपील करते हुए इसे पर्यावरण, भूमि की उर्वरता और जनस्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया। उन्होंने किसानों को जैविक खेती का महत्व बताते हुए कहा कि इससे न केवल मृदा की गुणवत्ता सुरक्षित रहती है, बल्कि उत्पादन भी दीर्घकालीन रूप से बेहतर होता है।

#### मौके पर ही उपस्थित रहे राजस्व अधिकारी

राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूदगी में राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने नामांतरण, बंटवारा एवं अन्य लंबित मामलों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा गौशाला हेतु भूमि की मांग पर कलेक्टर ने तहसील को एक हेक्टेयर भूमि आवंटन करने के आदेश प्रदान किए। इस अवसर पर सीईओ जिपं डॉ इच्छित गढ़पाले, तहसीलदार जीरापुर कमल सोलंकी सहित जनपद, पंचायत के जिम्मेदार मौजूद थे।

# कायस्थ समाज ने मनाया भगवान चित्रगुप्त जन्मोत्सव

### समाज की प्रतिभाओं को किया सम्मानित



**राजगढ़।** कायस्थ समाज द्वारा भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्योत्सव विभिन्न धार्मिक एवं अन्य आयोजनों के साथ मनाया जाय। चित्रगुप्त मंदिर परिसर में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्र के साथ ही समाज की होनहार प्रतिभाओं का सम्मान भी किया गया। सुबह मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का अभिषेक किया गया। इसके बाद यज्ञ-हवन हुआ, जिसमें समाजजन ने आहुति दी। शाम को महाआरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल रहा। कार्यक्रम में बच्चों व महिलाओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गईं। प्रतिभागियों ने पर्यावरण व संस्कृति से जुड़े विषयों पर प्रस्तुतियां दीं। पिछले एक साल में अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धि हासिल करने पर महिला इकाई की कमान उमा सक्सेना एवं युवा अध्यक्ष की जिम्मेदारी यश सक्सेना को सौंपी गई। यह कार्यकारिणी वरिष्ठ अध्यक्ष निर्मल श्रीवास्तव ने घोषित की। अन्य पदों पर उपाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, सचिव दिनेश श्रीवास्तव, उप-सचिव महेंद्र सक्सेना, कोषाध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, युवा कोषाध्यक्ष सिद्धार्थ भटनागर व सहसचिव अनुराग श्रीवास्तव को चुना गया।

**मंदिर विकास पर भी हुई चर्चा:** आयोजन के दौरान समाजजन ने चित्रगुप्त मंदिर के विकास को लेकर सुझाव दिए। इन सुझावों के आधार पर आगे कार्ययोजना बनाने की बात कही गई। समाजजनों ने बताया कि समाज को एकजुट रखने के लिए सालभर अलग-अलग कार्यक्रम होते हैं। महाराजा चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव का कार्यक्रम इसी कड़ी का प्रमुख आयोजन है।

### निरस्तीकरण के लिए न बीएमओ न ही सांख्यिकी विभाग ने उठाया कोई कदम

# 500 से अधिक फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र बने लेकिन निरस्त एक भी नहीं

#### जीरापुर ब्लॉक के तहत आ रहे रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला, जांच हो तो जिले के अन्य केंद्रों से भी सामने आ सकता है ऐसा फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले के स्वास्थ्य महकमे में चल रहे गड़बड़झालों में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं। विगत दिनों जीरापुर विकासखंड के तहत आ रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ में 200 से अधिक फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र जनरेट किए जाने का मामला सामने आया था। इस मामले में विभाग द्वारा अपने स्तर से करवाई गई जांच में अब खुलासा हुआ है कि अकेले रामगढ़ केंद से ही 500 से ज्यादा फर्जी जन्म-प्रमाण जारी हुए हैं। इस पूरी कारगुजारी को अक्टूबर 2024 से फरवरी 2026 के मध्य तत्कालीन कप्यूटर ऑपरेटर अर्र्जुन बैरागी ने लोक सेवा केंद्र के कर्मचारियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। विभाग द्वारा राजगढ़ पुलिस को दिए गए प्रतिवेदन के उपरान्त मुख्य सरगना अर्जुन बैरागी सहित 6 अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज करते हुए भलेही उन्हें जेल भेज दिया गया हो लेकिन इस मामले में बड़ा प्रश्न यह भी है कि जितने जाली बर्थ सर्टिफिकेट जारी हो चुके हैं




क्या सांख्यिकी विभाग द्वारा उन्हें निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही उक्त फर्जीवाड़ा सिर्फ जिले के एक ही केंद्र से सामने आया है। ऐसे में इस बात की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि अगर प्रशासन द्वारा वृहद स्तर से जांच करवाई जाए तो जिले के अन्य केंद्रों से भी इस तरह के मामले सामने आ सकते हैं।

#### अंतरराज्यीय गिरोह के जुड़े होने की संभावना

रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से जितने भी फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र जारी हुए हैं उनमें न केवल मध्यप्रदेश बल्कि तेलंगाना, बिहार, उत्तर-प्रदेश, असम सहित अन्य राज्यों के व्यक्तियों के हैं। ऐसे में कोई बड़ी बात नहीं कि गिरफ्तार व्यक्तियों के अलावा भी कोई बड़ा सिंडीकेट जिले में सक्रिय हो जो अन्य केंद्रों से भी फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र जारी करवा रहा हो।

#### जांच हो तो हो सामने आ सकते हैं अन्य नाम

फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के इस पूरे मामले में कार्यवाही की तलवार सिर्फ कम्प्यूटर ऑपरेटर अर्जुन बैरागी और लोक सेवा केंद्र में कार्यरत उसके कुछ साथियों तक ही सिमट कर रह गई है। अगर विभाग या प्रशासन द्वारा गहराई से पूरे मामले की पड़ताल करवाई जाए तो रामगढ़ एवं जीरापुर ब्लौक के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों की संलिप्तता भी सामने आ सकती है।

#### भारत के बाहरी नागरिक के भी हो सकते हैं जन्म प्रमाण-पत्र

आमजनों का कहना है कि फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र के मामले को सिर्फ एक छोटे से अपराध के रूप में भी नहीं देखा जाना चाहिए। यह भी संभव है कि भारत में विदेशी घुसपैठ करने वाले वाले लोगों के भी जन्म प्रमाण-पत्र जारी हो चुके हों एवं इन्हीं जन्म प्रमाण-पत्रों के आधार पर घुसपैठियों ने आधार सहित अपने अन्य दस्तावेज भी तैयार करवा लिए हों।

#### कार्रवाई करेंगे...

फर्जी जन्म प्रमाण-पत्रों के निरस्तीकरण के लिए हम आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग से परामर्श लेकर आगे उचित कार्यवाही करेंगे।

**सुनील चैरसिया, बीएमओ, ब्लॉक जीरापुर**

#### बीएमओ स्तर से ही निरस्त होंगे

केंद्र पर जन्मे बच्चों के अलावा जो भी सर्टिफिगेट जारी हुआ है वह फर्जी है। ऐसे सभी फर्जी प्रमाण-पत्र बीएमओ स्तर से ही निरस्त होंगे, हमारे स्तर से नहीं। मैं बीएमओ से चर्चा करके आगे की कार्यवाही करवाता हूं।

**कमल किशोर, सांख्यिकी अधिकारी, राजगढ़**